<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 *फरवरी* 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल शाम हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्यारह प्रस्तावों को मिली मंजूरी, लोकभवन में आज दी जाएगी फैसलों की जानकारी
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की ली जानकारी
- जनजातीय सांस्कृतिक समागम दो हजार पचीस के तहत आज प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित हो रहा है युवा कुंभ, आठ हजार से अधिक युवा आदिवासियों समेत देश भर से पंद्रह हजार से अधिक आदिवासी लेंगे हिस्सा
- अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव सम्पन्न, पैंसठ फीसदी से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर कल शाम मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्यारह प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं।

***उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने विभिन्न ग्यारह प्रस्तावों पर मुहर लगा दी है। उत्तर प्रदेश के चतुर्मुखी विकास के लिए प्रदेश के विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए और जो इंफ्रास्ट्रक्चर है वो पूरे देश में नम्बर एक का बनाने के लिए है विभिन्न प्रस्ताओं को पास करने के साथ ही, हम लोग उत्तर प्रदेश की प्रगति को तेजी के साथ आगे बढ़ाने जा रहे है।***

मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देने के लिए लखनऊ के लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में आज सुबह सवा दस बजे से प्रेस वार्ता आयोजित होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी के पावन संगम में स्नान किया। संगम स्नान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला। कल सुबह प्रधानमंत्री प्रयागराज पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री अरैल घाट से विशेष बोट पर त्रिवेणी संगम पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी भी उनके साथ थे। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। एक रिपोर्ट–

***वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना की और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रधानमंत्री ने त्रिवेणी में अक्षत, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की और तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। पूजन अर्चन के बाद श्री मोदी, मुख्यमंत्री के साथ वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए। प्रधानमंत्री के संगम स्नान के दौरान भी श्रद्धालुओं का स्नान जारी रहा।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुम्भ की शुरुआत से एक महीने पहले भी प्रयागराज का दौरा किया था और प्रयागराज को 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कल महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने सभी श्रृद्धालुओं से मेला प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किये गये पोस्ट में बताया है कि तेरह जनवरी से कल तक अड़तीस करोड़ सत्तानबे लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

**********

महाकुंभ में डिजिटल खोया–पाया केंद्र हजारों श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं और बच्चों को उनके परिवारों को आपस में मिलवा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेला क्षेत्र में 13 हजार से अधिक बिछड़े हुए लोगों को सफलतापूर्वक उनके परिवारों से मिलवाया गया है, जिनमें से 64 प्रतिशत महिलाएं थीं। एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सेवा और सुशासन का प्रतीक बन गया है और इसी के तहत डिजिटल खोया–पाया केंद्रों की स्थापना की गई है। इन केंद्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए एक महिला पुलिस कांस्टेबल सपना शर्मा ने बताया कि मेला क्षेत्र के सभी खोया–पाया केंद्रों में अपने परिवार से अलग हुए पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग–अलग प्रतीक्षालय बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अपनों से बिछड़ चुके श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक परामर्श भी दिया जा रहा है। इन खोया–पाया केंद्रों पर भोजन, चिकित्सा कक्ष, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा न हो इन***

*केंद्रों में उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और यूनिसेफ समेत कई विभिन्न गैर सरकारी संगठन सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाकुंभ में जगह जगह पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***देश विदेश से महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में दस पर्यटन सूचना केंद्र बनाए हैं। आकाशवाणी से बातचीत में प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि इन केंद्रों पर श्रद्धालुओं की मदद के लिए गाइड और पर्यटक पुलिस मौजूद हैं। पर्यटन विभाग ने इसके साथ ही प्रयागराज शहर और महाकुंभ मेला के धार्मिक स्थलों को धार्मिक पर्यटन स्थलों के रुप में भी विकसित किया है। राघवेंद्र त्रिपाठी, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पचास से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का आज भी संचालन किया जा रहा है। इनका विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी मौजूद है।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ में जनजातीय सांस्कृतिक समागम दो हजार पचीस के तहत आज युवा कुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर से पंद्रह हजार से अधिक आदिवासी भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि छह दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी आदिवासी अपनी संस्कृति और परंपरा की रक्षा का संकल्प लेंगे। बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार पचीस को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है।

***जनजातीय सांस्कृतिक समागम दो हजार पचीस के तहत आज महाकुंभ में युवा कुंभ का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री अतुल जोग ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि देशभर के आठ हजार से अधिक जनजातीय समाज के युवा इस युवा कुंभ में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय राज्य जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उइके करेंगे। इस युवा कुंभ के दौरान अलग–अलग प्रदेशों के पचीस युवाओं को सम्मानित किया जाएगा, जो जनजातीय समाज के लागों के लिये उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। इस जनजातीय, सांस्कृतिक समागम के दौरान देश भर के एक सौ बीस सांस्कृतिक नृत्य दल अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा सभी लोग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

वाराणसी नगर क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी स्कूलों की छुट्टियां आठ फरवरी तक बढ़ा दी गई हैं। ये निर्णय बसंत पंचमी के बाद महाकुंभ से लौटने वाली भीड़ और वाराणसी में विभिन्न अखाड़ों के आगमन को लेकर लिया गया है।

**********

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर कल उपचुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। कल शाम पांच बजे तक 65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस उपचुनाव में भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

**********

फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ग्रेटर नोएडा में बनने वाली फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के लेआउट को मंजूरी मिल गई है। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म सिटी का शिलान्यास करेंगे।

**********